SWAYAM कोर्सेज से संबंधित दिशा निर्देश:

1. विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित स्वयं कोर्सेज से संबंधित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी **UGC SWAYAM Regulation 2021** तथा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी **Online Course Mapping and Credit Transfer Policy** 2024 के अनुसार कोर्सेज का चयन, संचालन एवं मूल्यांकन सुनिश्चित करें।
2. समस्त विषयों की अध्ययन परिषद यह सुनिश्चित कर ले की स्वयं पोर्टल से चयनित कोर्सेज की क्रेडिट और कंटेंट उनके पाठ्यक्रम के अनुरूप हो।
3. अध्ययन परिषद स्वयं कोर्सेज के क्रेडिट और उनके कंटेंट की समतुल्यता अपने पाठ्यक्रम से सुनिश्चित कर लें।
4. SWAYAM कोर्सेज का आंतरिक मूल्यांकन असाइनमेंट के माध्यम से ऑनलाइन SWAYAM पोर्टल द्वारा होगा । विद्यार्थियों को न्यूनतम 75% असाइनमेंट ऑनलाइन जमा करने होंगे तथा उसे उत्तीर्ण करने होंगे तभी वह मुख्य सेमेस्टर परीक्षा के लिए पात्र होंगे।
5. मुख्य परीक्षा ऑनलाइन NTA, New Delhi के द्वारा ऑनलाइन या विश्वविद्यालय के द्वारा ऑफलाइन विश्वविद्यालय की एंड सेमेस्टर परीक्षा के साथ ही आयोजित की जाएगी।
6. विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं कोर्सेज की मुख्य परीक्षा को संपादित करने के लिए अध्ययन परिषद प्रश्न पत्र निर्माताओं (पेपर सेटर) एवं परीक्षको को नामित कर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराएगी ।
7. प्रत्येक विभाग / महाविद्यालय पाठ्यक्रम से संबंधित SWAYAM कोर्सेज के संचालन के लिए मेंटर नामित करेंगे । मेंटर समय से SWAYAM कोर्सेज में विद्यार्थियों के पंजीकरण, कोर्सेज में उनकी उपस्थिति, असाइनमेंट क्विज आदि में उनकी सहभागिता को सुनिश्चित करेंगे।
8. SWAYAM पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज लगातार अपडेट होते रहते हैं । अध्ययन परिषद प्रत्येक सत्र के विषम एवं सम सेमेस्टर के प्रारंभ में अर्थात जून और दिसंबर माह में स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज को देखकर, दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप कोर्सेज का चयन कर विश्वविद्यालय को सूचित करेंगे, जिससे उन कोर्सेज को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।